पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

——————

राज्यपाल से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पालक्काड, केरल के विद्यार्थियों ने भेंट की

उत्तर प्रदेश भ्रमण के अनुभव केरल में साझा करें विद्यार्थी

भ्रमण कर रहे विद्यार्थी देश की क्षमताओं को समझें और विकास में योगदान दें

—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊः 30 मई, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज यहाँ राजभवन में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पालक्काड, केरल के 44 विद्यार्थी एवं 04 संकाय सदस्यों ने मुलाकात की। ये सभी विद्यार्थी ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' योजना के युवा संगम के निमित्त भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश आए, जिसके क्रम में आज इन विद्यार्थियों को प्रदेश की राज्यपाल जी से मुलाकात का अवसर प्राप्त हुआ। राज्यपाल जी ने मुलाकात के दौरान विद्यार्थियों से भ्रमण के अनुभव और स्मरणीय स्मृतियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' के तहत युवा संगम के महत्व को भी बताया।

उन्होंने भारत के विश्व प्रसिद्ध आदर्शों महात्मा गाँधी, विवेकानंद, गौतमबुद्ध जैसे महान व्यक्तियों में भ्रमण शीलता से प्राप्त ज्ञान पर विशेष चर्चा विद्यार्थियों से करते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने को प्रेरित किया। विद्यार्थियों से उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान वे देश की क्षमताओं को समझें और विकास में योगदान दें। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश भ्रमण के अपने अनुभव केरल के अन्य विद्यार्थियों, परिजनों, परिवार तथा समीपवर्ती निवासियों से भी साझा करने को कहा, जिससे वहाँ के लोग यहाँ की जानकारियों और विविधताओं से परिचित हों और उनमें भी उत्तर प्रदेश भ्रमण की इच्छा विकसित हो सके।

——————

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361

p